तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 23 जून 2025

14 विश्व योग दिवस पर भानुप्रतापपुर में जगह...



14 अतिसंवेदनशील क्षेत्र में भी हो रहा पक्के आवास ...







# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.



## खबर संक्षेप

### दो माह से हुआ है गड्ढा काम में नहीं आ रही गति



**कांकेर।** मस्जिद चौक में दुकानों के सामने दो माह से गड्ढा करके काम किया जा रहा है। काम की गति बहुत धीरे होने के कारण आसपास के लोग भी परेशान बने हुए है। कुछ लोगों का कहना है कि यहाँ पर हाई मास्क लाईट लगने वाली है, परंतु काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। हाई मास्क लगाने वाले विभाग के सब इंजीनियर और संबंधित विभाग के अधिकारी की लापरवाही के कारण ही कार्य में लेट लतीफी हो रही है। कार्य किस विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है, वहाँ पर किसी भी तरह का कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है। दुकानदारों का कहना है कि संबंधित विभाग को जल्द से जल्द कार्य करवाना चाहिए।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 22 वर्षीय संदीप राना ने जहर का सेवन कर लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पखांजुर निवासी अमृत राना ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**कार्रवाई : माओवादियों के उपस्थित नहीं होने पर शुरू होगा एकतरफा ट्रायल**

# कांकेर के दो माओवादियों के खिलाफ एनआईए के विशेष न्यायालय से जारी हुआ फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पहली बार ऐसी प्रकिया अपनाएं जाने से माओवादियों में मचेगा हड़कंप
- माओवादियों की संपत्ति कुर्क होने का जारी हो सकता है आदेश

जिले के निवासी दो माओवादियों के खिलाफ एनआईए के विशेष न्यायालय ने उपस्थित होने का फरमान जारी कर दिया है। दो नों माओवादियों के उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ ट्रायल शुरू हो जाएगा। पहले ऐसा नहीं होता था, नए नियम के तहत फरार नक्सलियों के खिलाफ उनकी अनुपस्थिती में ट्रायल शुरू करके उनके खिलाफ सजा भी सुनाई जा सकती है। ऐसा होने से अब माओवादियों के मध्य हडकंप मचना तय है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना के ग्राम मरदा पटेलपारा निवासी 40 वर्षीय मन्हेर उर्फ प्रसाद उर्फ प्रकाश उर्फ रामप्रसाद तारम पिता मोडाराम तारम के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 120 बी, 307 भादंसं, धारा25, 27 आयुध अधिनियम एवं धारा 10, 38(2), 39(2) वि.वि. क्रि.क.नि. अधि. के अधीन मामले दर्ज है। पुलिस उक्त माओवादी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, परंतु कहीं नहीं मिल पाएं। पुलिस ने माओवादियों पर कार्रवाई को लेकर एनआईए के विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया है। इसी के तहत एनआईए विशेष न्यायालय के न्यायाधीश ने माओवादी मन्हेर को 28 जुलाई तक पक्ष रखने के लिए फरमान जारी किया है। इस समय तक माओवादी के द्वारा पक्ष नहीं रखे जाने के कारण उसके खिलाफ ट्रायल शुरू हो जाएगा और एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय भी सुनाया जा सकता है। इसी प्रकार से जिले के ताड़ोकी थाना के ग्राम मलमेटा निवासी 50 वर्षीय रमेश उर्फ मुकेश हुपेण्डी पिता स्व. सामसाय हुपेण्डी के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 120 बी, 307 भादंसं, धारा 25, 27 आयुध अधिनियम एवं धारा 10, 38(2), 39(2) वि.वि. क्रि.क.नि. अधि. के तहत मामले दर्ज है। इसकी भी तलाश कई मामले में पुलिस लंबे समय से करते आ रही है।



रमेश उर्फ मुकेश हुपेंडी



मन्हेर उर्फ प्रसाद

इसके खिलाफ भी एनआईए की विशेष न्यायालय ने मन्हेर की तरह फरमान सुनाया है। एनआईए के विशेष न्यायालय के न्यायाधीश के द्वारा फरमान सुनाए जाने को लेकर पुलिस दोनो के घर, पंचायत पर नोटिस को चस्पा करके पूरे गाँव के लोग भी अवगत हो जाएंगे। माओवादियों के खिलाफ इस तरही की पहली बार कार्यवाही होने से हडकंप मचना तय है। नए कानून के तहत माओवादियों को रिलीफ तभी मिलेगी, जब स्वंय उपस्थित होंगे।

### पहली बार की है पहल

जिले के थानों में माओवादियों के खिलाफ अपराध दर्ज है, परंतु उनके फरार होने के कारण उनके प्रकरणों में ट्रायल नहीं चल पाता था, प्रकरण पेडिंग रहते थे। पुलिस ने परिवाद प्रस्तुत करके विशेष न्यायालय की मदद से फरार आरोपियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू किया है। आरोपी के नहीं होने के बाद भी मामले की सुनवाई होगी, यह बड़ा विषय है। इस तरह से माओवादियों के खिलाफ विभिन्न थानों में पेडिंग प्रकरणों पर यह नई पहल करते हुए बड़ा कदम फरार माओवादियों के खिलाफ उठाया गया है। इस कदम से माओवादियों का परेशान होना तय है।

### संपत्ति कुर्की का भी होगा आदेश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि नए प्रकरण में नए कानून के तहत उनको प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित करने का प्रक्रिया जारी रहेगी। उनको संपत्ति कुर्की का भी आदेश जल्द होंगे। नए कानून में अपील तभी होगी, जब न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे। अन्य प्रकरणों में भी आदेश जल्द आने वाले है।

# आमाटोला व कलपर मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के खिलाफ नामजद दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जंगलों में अशांति फैलाने वाली 'शांति' को फोर्स ने किया ढेर, आठ लाख की थी इनामी

आमाटोला व कलपर के बीच 20 जून को हुए मुठभेड़ की घटना को लेकर छोटेबेठिया थाना मे नक्सलियों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया, जिसमें नक्सलियों के खिलाफ हत्या की कोशिश, हथियार लूटने के लिए हमला करना, आर्म्स एक्ट आदि का अपराध दर्ज किया गया है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने 8 लाख की एक महिला नक्सली को मार गिराया था।

आपरेशन को लीड करने वाले पखांजूर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने शिकायत दर्ज करते थाना को जानकारी दिया कि छोटेबेठिया थानांतर्गत आमाटोला एवं उसके आसपास क्षेत्रो में डीव्हीसी चंदन कतलाम, परतापुर एलओएस कमाण्डर रूपी एवं अन्य 8 से 10 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों के उपस्थिति की जानकारी मिली थी, जिस पर 19 जून को टीम आपरेशन के लिए ग्राम कैरीपदर होते हुए ग्राम आमाटोला पहुची। 20 जून की सुबह आमाटोला जंगल पहाड़ी में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी को जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से स्वाचलित हथियारो से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस ने नक्सलियों को बार बार चिल्ला चिल्ला कर फायरिंग रोकने व समर्पण करने कहा गया लेकिन वे लगातार फायरिंग करते रहे, जिससे टीम ने भी मोर्चा लेकर जवाबी कार्रवाई शुरू किया। जिसके बाद नक्सली जंगल पहाड़ का सहारा लेते हुए एक दूसरे के नाम चंदन, रूपी, रामसाय, जुगनी, मंगलू, मीना, रम्मो, मंगेश, मनिषा, नरसिंग चिल्लाते हुए भागने लगे। रूक-रूक कर करीब आधा घंटा चली फायरिंग के बाद जब मौके पर तलाशी ली गई तो एक वर्दीधारी महिला नक्सली का शव के अलावा हथियार, विस्फोट व नक्सली सामाग्री मौके से मिली।

पुलिस ने उक्त नक्सलियों के खिलाफ धारा 109, 190, 191(2), 191(3), 61(2), 111(2) (ख) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विस्फोटक ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ढाबे के पास चालक करता रहा आराम व हुई हाईवा की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कंडेल ढाबा में खाना खाने के बाद हाईवा को खड़ी करके चालक सो गए

- पुलिस ने शुरू की विवेचना





और जब जगा, तब हाईवा गायब थी। चालक ने घटना की जानकारी वाहन मालिक को दिया। उसके बाद वाहन मालिक ने घटना की जानकारी चारामा पुलिस को दिया। अज्ञात के खिलाफ हाईवा चोरी का मामला दर्ज किया गया है। चारामा थाना में हाईवा वाहन के चोरी का शिकायत करने पहुंचे दुर्ग जिला के सुपेला निवासी 39 वर्षीय अमीन अहमद पिता निसार अहमद ने पुलिस को बताया कि मेरे नाम से हाईवा वाहन सीजी 04 जेडी 8569 है, जिसे मेरा चालक दुर्ग जिला के चरौदा निवासी सलीम कुरैशी और हेल्पर अक्षय के साथ 17 जून को चारामा मचांदूर रेत घाट में रेत भरने के लिए आया था। मेरा चालक ने रात को 1 बजे फोन करके बताया कि मैं रात में लगभग पौने 12 बजें चारामा के ग्राम कण्डेल स्थित ढाबा में खाना खाने के बाद हाईवा वाहन सीजी 04 जेडी 8569 को ढाबा के सामने खड़ाकर सो गया था। रात पौने 1 बजें उठकर देखा तो मैने जहाँ पर हाईवा को खड़ी किया था, वहाँ पर हाईवा नहीं थी। आसपास हाईवा की पतासाजी किया, परंतु कहीं पर हाईवा नजर नहीं आई। कोई अज्ञात चोर हाईवा वाहन सीजी 4 जेडी 8569 को चोरी करके ले गया, जिसकी अनुमानित कीमत 14 लाख रूपएं है। वाहन मालिक की चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

बीते दो दिनो में चारामा थाना में चोरी का यह दूसरा मामला सामने आया है। पहला मामला पुलिस विभाग में आरक्षक के घर आलमारी के लॉकर से नगद की चोरी का मामला सामने आया था, जिसकी शिकायत 20 जून को चारामा थाना में किया गया था। दूसरा मामला हाईवा वाहन के चोरी का है, जिसकी शिकायत 22 जून को चारामा थाना में किया गया।

# नशा मुक्त समाज बनाने को लेकर शहर में निकाली रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज द्वारा 22 जून को जन जन को नशामुक्त बनाने के दृढ़ संकल्प को लेकर एक प्रेरणादायक रैली सिविल लाइन से निकालते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

सिविल लाइन में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने 22 जून की सुबह रैली को हरी झंडी दिखाई । नशा मुक्त अभियान रैली सिविल लाइन से होते हुए घड़ी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए नए बस स्टैंड से आगे, पंडरी पानी स्थित शराब भट्टी के पास पहुंची वहां पहुंच कर कुछ देर वहां रुक कर, वहां उपस्थित और आने जाने वाले लोगों को जागरूक करते हुए जागरुकता नारे लगा गए। उसके पश्चात रैली आगे बढ़ी और अन्नपूर्णा पारा से होकर सिविल लाइन में समाप्त हुई। शुभारंभ के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए बहुत घातक है। इस पर रोक बहुत आवश्यक है, आप लोगों का यह कदम बहुत सराहनीय पहल है। सभी ने कभी भी नशा नहीं करने तथा नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ लिया। ब्रम्हाकुमारीज के द्वारा लगातार नशा मुक्त कांकेर एवं नशा मुक्त भारत बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शहर एवं गांव में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जमीन की नाप जोख, साढ़े 4 एकड़ पर मिला अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

वन परिक्षेत्र बांदे सर्किल बेलगाल वन भूमि बड़े झाड़ के जंगल कक्ष

- हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया राजस्व विभाग



खबर का असर

क्रमांक पीएफ 1258 एवं राजस्व की खसरा नं 32/1 शासकीय भूमि में अवैध रूप से अतिक्रमण कर हरे-भरे पेड़ों को उखड़ कर खेत बनाने और तालाब को पाटकर खेत बनाने की खबर हरिभूमि समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया। विभाग ने भू माफिया पर की बड़ी कार्रवाई की है।

समाचार प्रकाशित होने के बाद बांदे तहसील कार्यालय से जांच के आदेश पटवारी को दिया गया था। पटवारी चंद्रकांत आंचला द्वारा वन विभाग के डिप्टी रमेश धनकर व वन रक्षक एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में जमीन का नापजोख किया गया। जमीन सीमांकन के दौरान पाया गया कि पंकज परामाणिक के द्वारा लगभग साढ़े 4 एकड़ शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया है। ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत लगातार किया जा रहा था। पंकज परमानिक पिता प्रेमरंजन के द्वारा खसरा क्रमांक 145 रकबा - 2.026. भूमि का सीमा का नाम करवा रखा है। खसरा नं 32/1 शासकीय जमीन एवं वन विभाग की वन भूमि में बड़े, झाड़ के जंगल में से 0.336 हेक्टेयर पर मक्का बीज लगाकर अतिक्रमण किया गया है। सार्वजनिक तालाब को पाटकर खेत बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है। ग्रामीण सपन राय, महादेव,गगीबाई ने बताया की जब से पंकज गाँव में आया है, तब से पूरे गाँव का माहौल खराब हो गया है। सालों पुराने बड़े झाड़ के जंगल को साफकर जमीन बना रहा है। कोई कुछ बोलता है, तो बोलता है कोई भी मेरा कुछ नही बिगड़ सकता, पूरा जंगल मेरा है। धीरे धीरे करके पूरा जंगल को काट कर खेत बना लूंगा। इसलिए तो यह जंगल किनारे ▶▶| शेष पेज 12 पर


### अतिक्रमण पाया गया: पटवारी

इस संबंध में पटवारी चंद्रकांत आंचला ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा जांच प्रतिवेदन बनाकर तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। ग्रामीण के द्वारा लगभग साढ़े 4 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है।

**त्रयोदशी तिथि को प्रदोष काल में प्रदोष व्रत पर होगी पूजा**

# शिव भक्तों के लिए बेहद खास है आज का दिन, बन रहे हैं चार शुभ योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भगवान शिव के भक्तों के लिए 23 जून सोमवार का दिन बेहद खास है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ 4 शुभ संयोग बन रहे हैं। सोमवार को बन रहे शुभ योगों का संगम शिवभक्तों के लिए एक आध्यात्मिक उत्सव से कम नहीं है। इस दिन की पूजा, व्रत और संकल्प, जीवन में सकारात्मक बदलाव, शांति और समृद्धि ला सकते हैं। ऐसे दुर्लभ योग बहुत कम बार बनते हैं।

आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 23 जून को सुबह 1 बजकर 21 मिनट पर होगा, जबकि समापन उसी रात 10 बजकर 9 मिनट पर होगा। त्रयोदशी तिथि को प्रदोष काल में प्रदोष व्रत की पूजा की जाती है। हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि मनाई जाती है। इस बार आषाढ़ कृष्ण चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 23 जून को रात 10 बजकर 9 मिनट पर होगी। यह तिथि 24 जून को शाम 6 बजकर 59 मिनट तक मान्य है। निशिता मुहूर्त के आधार पर आषाढ़ मासिक शिवरात्रि 23 जून को मनाई जाएगी। सर्वार्थ सिद्धि योग में सभी कार्यों में सफलता का सूचक, अमृत सिद्धि योग में धन, स्वास्थ्य और आयु में वृद्धि का कारक, शुभ वार सोमवार स्वयं में शिव भक्ति के लिए सबसे पावन दिन और शुभ नक्षत्र जिससे संकल्प और पूजा में उत्तम परिणाम प्राप्त होते हैं। इन सभी संयोगों के एक साथ आने से यह दिन शिव भक्ति, व्रत, दान और नए कार्य आरंभ करने के लिए अत्यंत लाभकारी हो जाता है।

### आज बन रहे है 4 शुभ संयोग

ज्योतिषाचार्यो का कहना है कि 23 जून का दिन इसलिए बेहद खास है कि उस दिन सोमवार व्रत तो है ही, उसके साथ ही सोम प्रदोष व्रत और आषाढ़ की मासिक शिवरात्रि भी है। इन तीन शुभ फलदायी व्रतों के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी है। यह तीनों ही व्रत भगवान शिव के लिए रखे जाते हैं। सोमवार का व्रत अखंड सौभाग्य और विवाह योग के लिए किया जाता है, वहीं प्रदोष व्रत आपके सभी दुखों, रोग, दोष आदि को मिटा देने वाला है और मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला है।

### शुभ संयोग का प्रभाव का रहेगा अलग अलग समय


सर्वार्थ सिद्धि योग दोपहर में 03 बजकर 16 मिनट से अगले दिन 24 जून को सुबह 05 बजकर 25 मिनट तक रहेगा। सोम प्रदोष व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 7 बजकर 22 मिनट से रात 9 बजकर 23 मिनट । आषाढ़ मासिक शिवरात्रि की पूजा का शुभ मुहूर्त देर रात 12 बजकर 03 मिनट से 12 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। सोमवार का शुभ मुहूर्त यानि अभिजीत मुहूर्त दिन के 11 बजकर 55 से 12 बजकर 51 मिनट तक है। सोमवार का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 4 मिनट से सुबह 4 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। यह समय स्नान के लिए सबसे उत्तम माना जाता है।

### रुद्राभिषेक का समय

ज्योतिषाचार्य भट्ट कहते हैं कि प्रदोष और मासिक शिवरात्रि विशेष रूप से भगवान शिव का दिन है। इस दिन पूरे समय शिववास होता है, जिस दिन शिववास होता है, उस दिन ही रुद्राभिषेक करते हैं। ऐसे में 23 जून को प्रदोष और मासिक शिवरात्रि एक साथ पड़ रहे हैं, यह तो सुंदर संयोग बना है। इस दिन सूर्योदय के बाद से रुद्राभिषेक करा सकते हैं। रुद्राभिषेक कराने से धन, उत्तम सेहत, सुख, समृद्धि आदि समस्त शुभ मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

# महिला को दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



साल्हेटोला में महिला के साथ गांव के ही अन्य व्यक्ति ने मारपीट किया। महिला का आरोप है कि आरोपी उस पर बुरी नजर रखता है। कई बार विवाद कर चुका है, आगे उनके परिवार के लोगो के लिए खतरा बना हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम साल्हेटोला निवासी सालिनी शोरी पति भूनेश्वर शोरी ने पुलिस को बताया कि मैने लकड़ी और बांस को लाकर सरकारी जगह पर अस्थायी रूप से रखी थी। इसी बात को लेकर आरोपी साल्हेटोला निवासी महावीर कोमरे पिता स्व. देवलाल कोमरे ने 20 जून को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। दारू के नशे में आरोपी होने के कारण हम लोग कुछ भी नहीं बोल रहे थे, उसके बाद भी हम लोगों को अपशब्द गाली गलौच देते हुए जान से मार दूंगा कहकर घर में घुस गया था। हम लोग डर कर तुरंत 112 में काल किए और कुछ देर घर के अंदर छुपे थे। 112 के नहीं आने पर हमने चारामा थाना के प्रभारी को फोन करके घटना के बारे में जानकारी दिया। मैं जान बचाकर किसी तरह थाना आई और आवेदन लिखकर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा कर्मी भर्ती योजित किए जाएंगे पंजीयन शिविर

**कोण्डागांव।** युवाओं को सुरक्षा कर्मी भर्ती में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने रक्षित केन्द्र के रक्षित निरीक्षक सहित थाना प्रभारियों को पंजीयन शिविर के आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। एसआईएस द्वारा इसके लिए जिले के विभिन्न थानों में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। केशकाल थाना परिसर में 27 जून एवं 02 सितम्बर को, फरसगांव थाना परिसर में 28 जून एवं 03 सितम्बर को, विश्रामपुरी थाना परिसर में 30 जून और 4 सितम्बर को, धनोरा थाना परिसर में 01 जुलाई और 05 सितम्बर को, माकड़ी थाना परिसर में 02 जुलाई और 06 सितम्बर को, कोण्डागांव थाना परिसर में 03 जुलाई और 08 सितम्बर को तथा रक्षित केन्द्र कोण्डगांव में 04 जुलाई और 09 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### बाघनपाल में हुआ भाजपा का संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम

**जगदलपुर,लोहंडीगुड़ा।** चित्रकोट विधानसभा सभा के लोहंडीगुड़ा मंडल के ग्राम पंचायत बाघनपाल शक्ति केन्द्र छिन्दबहार में संकल्प से सिद्धि तक के चौपाल कार्यक्रम में केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की योजनाओं तथा उपलब्धियों को उपस्थित जन समुदाय के सामने रखा गया। इस अवसर का मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, गढ़िया सरपंच भरत कश्यप ,फाल्गुनी मौर्य, ग्राम पटेल, ग्राम पुजारी, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

### पांच जिले के 550 एनसीसी बालिका कैडेट्स शिविर में पहुंचे

**भोंड।** बस्तर संभाग के पांच जिलों के 550 एनसीसी बालिका कैडेट्स का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल में शुरू हुआ। कमान अधिकारी कैंप कमांडेंट कर्नल सी दास गुप्ता, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कांडपाल व सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह की अगुवाई में 22 जून से 1 जुलाई तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में किया जा रहा है। शिविर में कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ देश प्रेम, सेवा भाव, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, साइबर क्राइम और यातायात नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

## पेज 11 के शेष...

### आमाटोला व कलपर...

अधिनियम एवं 10, 13 (1), 16, 20, 38(2), 39(2)विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### ग्रामीणों की शिकात...

का जमीन खरीदा हूं। ग्रामीणों ने कहा कि बड़े झाड़ के जंगल वाली जमीन पर पट्टा कैसे बना, इसकी जांच होनी चाहिए। हमारे गांव के सार्वजनिक तालाब को बंद कर दिया, जिससे हमारे मवेशी एवं पूजा पाठ अनुष्ठान में हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर से मांग किया गया कि इसकी निरपक्ष जांच हो।

### महिला को दी...

दिया। आरोपी इससे पहले भी इसी तरह की हरकत कर चुका है। उस समय की भी थाना चारामा में शिकायत दर्ज है और चालान भी हुआ था। उसके बाद भी आरोपी की नियत खोटी है। आरोपी बार बार आते जाते घूरता रहता है। घर पर हम लोग दो महिला, एक बच्ची और मेरे पति जो कि बोल और सुन नही सकता है, रहते है।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महावीर कोमरे के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### नशा मुक्त समाज...

व्यक्तिगत जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर भूतपूर्व पार्षद विजयलक्ष्मी कौशिक और साईं समिति से मोहन सेनापति , थाना, ट्रैफिक पुलिस, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके रामा दीदी, सहयोगी साथी बहने बीके कृष्णा, बीके अघन, बीके यूस और संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# खुशियों की बौछार लेकर आया मौसम, खेती किसानी में जुट गए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के गांव-गांव में जैसे ही आसमान से पहली बूंदें धरती से टकराईं, किसान अपने खेतों की ओर दौड़ पड़े। गांवों में अब सुबह-सुबह ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट सुनाई देती है। खेतों की मेड़ों पर किसान काम में जुटे नजर आते हैं।

जैसे ही मानसून की हल्की फुहारें शुरू हुईं, किसानों ने खरीफ फसलों की तैयारी शुरू कर दी। पलारी, गोलावंड, मयूर डोंगर, मर्दापाल, बम्हनी, सोनवाल, हरवेल, माकड़ी, शामपुर, बडगांव, बालेंगा, गम्हरी, धामनपुरी, तितरवंड, किबड़ा, डिहीपारा, और तराईबेड़ा जैसे गांवों में खेतों की जुताई से लेकर मक्के की बुआई तक का काम तेजी से हो रहा है। जिले के कई किसान अपने ट्रैक्टरों से खेत जोतते नजर आए। कुछ ने तो मक्का लगाना भी शुरू कर दिया है। ग्रामीण किसान सुकराम नेताम बताते हैं, सभी किसान सुबह से ही खेतों में लग जाते हैं। मॉनसून का इंतजार अब खत्म हुआ, अब मेहनत का वक्त है।

शनिवार और रविवार की सुबह बारिश के साथ शुरू हुई जिसने इलाके में मानो नई जान फूंक दी। धान की रोपाई के लिए ज़मीन अब तैयार है, और किसानों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा है। वर्षों पुरानी परंपरा के मुताबिक किसान मानते हैं कि अच्छी फसल की शुरुआत अच्छी बारिश से होती है।

### काम के साथ उमंग का माहौल

गांवों में अब सुबह-सुबह चहल-पहल है। कोई हल चला रहा है, कोई बीज छांट रहा है, तो कोई खाद की तैयारी में है। खेतों में हल चलने की आवाज अब जीवन की धड़कनों जैसी लगती है। जिले के हर ब्लॉक के हर कोने में यही तस्वीर देखने को मिल रही है। अंचल के किसान मौसम के बदलते मिजाज को लेकर सजग हैं। खेतों में दिन-रात की मेहनत एक बेहतर फसल की उम्मीद लिए हुए है। अब जरूरत है समय रहते सभी कृषि कार्यों को पूरा करने की ताकि मेहनत रंग ला सके।

**आयोजन :** जवानों के साथ स्थानीय नागरिकों व स्कूली छात्र-छात्रओं ने लिया भाग

# 188 वीं बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 188 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भावेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन सीआरपीएफ के मार्गदर्शन में, चिकलपुट्टि कोंडागांव सीआरपीएफ कैंपस और वाहिनी के विभिन्न कैंपों जैसे केशकाल कोंडागांव, पालेम, मारीपारा, पेदारास सुकमा, तथा पुष्पालघाट बस्तर में कार्यक्रम आयोजित हुए।

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा फोर वन अर्थ वन हेल्थ थीम के साथ आयोजित इन कार्यक्रमों में बल के सभी जवानों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 188 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट भावेश चौधरी ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात होने के बावजूद, 188 वाहिनी ने सार्वजनिक स्थलों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए और योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित योग से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है शरीर स्वस्थ रहता है और यह मानसिक तनाव से मुक्ति प्रदान करता है, जो हमारे तनावपूर्ण जीवन के लिए संजीवनी का काम करता है। उन्होंने भारत सरकार और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा योग के प्रति किए गए उल्लेखनीय योगदान के विषय में भी बताया।

### सभी ने मिलकर योग के विभिन्न आसनों का किया अभ्यास

इस अवसर पर 188 बटालियन के अधिकारी नीतींद्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, कमलसिंह मीणा उप कमांडेंट, ओमप्रकाश विश्नोई सहा. कमा. सहित अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों, महिलाओं, युवाओं और छात्र-छात्राओं ने मिलकर योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। सभी उपस्थित लोगों ने नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प भी लिया।

### नन्हे छात्रों ने दिया स्वस्थ तन, स्वस्थ मन का संदेश



**कोण्डागांव।** जिले के संकुल केंद्र करंजी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे छात्र-छात्रओं ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कर योग के जरिए शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में शिक्षिका सारिका वैष्णव के निर्देशन में बच्चों ने आओ अपनाएं दोस्तों योगा... गीत पर योगाभ्यास करते हुए योग के लाभों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। संयोजक टी. ऐंकट राव ने योग की भारतीय परंपरा और इसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण की भी आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने तन-मन को स्वस्थ रखने और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

# डॉ. जयमती कश्यप ने वनवासी विकास समिति को दिया 1 लाख का दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



■ बस्तर संभागीय महिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का कोंडागांव में हुआ भव्य आयोजन


महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ. जयमती कश्यप ने आदिवासियों की अस्मिता, अस्तित्व और विकास के लिए एक प्रेरणादायी पहल करते हुए वनवासी विकास समिति कोंडागांव को लाख का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। यह सहयोग 21-22 जून को कोंडागांव स्थित माता कस्तूरबा बालिका छात्रवास में आयोजित संभाग स्तरीय महिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के अवसर पर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 21 जून को संध्या 5 बजे वनवासी विकास समिति के प्रांतीय संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप की उपस्थिति में भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। अभ्यास वर्ग में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। मुख्य अतिथि रामनाथ कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि वनवासी विकास समिति केवल एक संगठन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पहचान, संरक्षण और प्रगति की प्रेरणा है। समिति महिला शिक्षा, नारी जागरण, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण जैसे क्षेत्रें में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन, 22 जून को, डॉ. जयमती कश्यप ने 1 लाख का चेक वनवासी विकास समिति कोंडागांव को सौंपा। यह राशि उन्हें हाल ही में राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई होलकर सम्मान 2024 के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से भोपाल में प्राप्त 5 लाख की पुरस्कार राशि में से दी गई। डॉ. जयमती कश्यप महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं और लंबे समय से लोक एवं पारंपरिक कलाओं के दस्तावेजीकरण व संरक्षण में जुटी हुई हैं। उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता, संस्कृति संरक्षण और महिला विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया था।

# हीराखण्ड एक्सप्रेस तीन अलग अलग स्टेशनों में अलग हुई बोगी

**दो बोगी में कपलिंग की समस्या आने से ढाई घंटे विलंब से छूटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जगदलपुर से भुवनेश्वर जा रही हीराखण्ड एक्सप्रेस की पीछे की दो बोगी में कपलिंग की समस्या आने से ढाई घण्टे विलंब से आमागुड़ा स्टेशन से भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। हालांकि इस तकनीकी समस्या से कोई नुकसान अथवा किसी प्रकार की समस्या नहीं आई। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रविवार शाम साढ़े 4 बजे अपने निर्धारित समय पर हीराखण्ड एक्सप्रेस भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। जगदलपुर स्टेशन से ट्रेन छूटते ही रैक के पीछे की दो बोगी कपलिंग हो गई। इस घटना के बाद गाड़ी खड़ी हो गई। कपलिंग के चलते बोगी रैक से अलग हो गई, बाद में उसे जोड़ा गया। अभी ट्रेन लगभग 3 किमी की दूरी तय की होगी नकटी सेमरा स्टेशन में दुबारा ट्रेन के पीछे की दो बोगी कपलिंग होने की घटना हुई। फिर गाड़ी आधा घण्टे नकटी सेमरा स्टेशन में खड़ी हो गई। बोगी को जोड़ने के बाद दुबारा गाड़ी गन्तव्य के लिए रवाना हुई। अभी ट्रेन लगभग 3 किमी आगे गई थी कि तीसरी बार आमागुड़ा स्टेशन में कपलिंग होने फिर गाड़ी खड़ी हो गई। बार-बार तकनीकी समस्या आने से ट्रेन लगभग ढाई घण्टा विलम्ब से आमागुड़ा स्टेशन से देर शाम 7.45 बजे गन्तव्य की ओर रवाना हुई। घटना के चलते रेल यात्रियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा।

# तमिलनाडु से मिला गुमशुदा युवक, परिवार में लौटी खुशियां



**कोण्डागांव।** एक महीने से लापता युवक की घर वापसी ने उसके परिवार की आंखों में आंसू और दिल में सुकून भर दिया। कोण्डागांव जिले के अंतापुर थाना क्षेत्र से लापता युवक को पुलिस ने सैकड़ों किलोमीटर दूर तमिलनाडु से खोज निकाला और सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया।

गांव कुंहररी गुदरापारा निवासी गिरधारी निवास ने 14 जून 2025 को थाने पहुंचकर बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा भगत निवास एक माह पहले बिना किसी सूचना के घर से निकल गया था। परिवार ने कई जगह तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। जब बेटा संपर्क में भी नहीं आया, तो उन्होंने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना अंतापुर में दर्ज मामले क्रमांक 03/2025 पर तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाय. अजय कुमार के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी संसाधनों और स्थानीय संपर्कों की मदद से भगत निवास का पता तमिलनाडु में लगाया। टीम ने लक्ष्मी बेल्ट क्षेत्र में धारा 561 के अंतर्गत कार्रवाई कर युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया। इसके बाद युवक को कोण्डागांव लाकर परिवार की उपस्थिति में सुपुर्द किया गया।

### परिवार में खुशी की लहर

युवक के घर लौटने से परिजनों की आंखों में आंसू थे लेकिन वो आंसू दर्द के नहीं, राहत और खुशी के थे। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए परिजनों ने आभार जताया।

# सीपीआई जिला परिषद का सम्मेलन सम्पन्न, शैलेष बने नए जिला सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



■ जयप्रकाश और दिनेश को सहायक सचिव की जिम्मेदारी

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई की जिला परिषद कोण्डागांव का बहुप्रतीक्षित जिला सम्मेलन 21 जून को नगर के ऑडिटोरियम में सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में संगठनात्मक मजबूती, राजनीतिक विचारधारा और नेतृत्व परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीआई बस्तर जिला परिषद के सचिव कॉ. रामूराम मौर्य, कॉ. भक्तूराम और कॉ. लक्ष्मण महावीर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला फेडरेशन की प्रदेश अध्यक्ष कॉ. त्रश्या झाड़ी मंच पर मौजूद रहीं। साथ ही सीपीआई कोण्डागांव जिला परिषद के सदस्यगण सम्मेलन में बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन में सभी वक्ताओं ने पार्टी की भूमिका को ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रें में और अधिक मजबूत बनाने की बात दोहराई। वक्ताओं ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सीपीआई की भूमिका आज भी सबसे निर्णायक है। सीपीआई के संविधान अनुसार तीन वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले इस जिला सम्मेलन में नए नेतृत्व का चयन किया गया। निवर्तमान जिला सचिव तिलक पांडे ने नए पदाधिकारियों के नामों का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। शैलेष को जिला सचिव, जबकि जयप्रकाश और दिनेश को सहायक सचिव नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित जिला सचिव शैलेष, सहायक सचिव जयप्रकाश एवं दिनेश ने संयुक्त रूप से कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनका प्रमुख लक्ष्य होगा। मुख्य अतिथि त्रश्या झाड़ी ने अपने संबोधन में भाजपा और कांग्रेस दोनों पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि ये पार्टियाँ केवल तिजोरी भरने में लगी हैं, जनता के हितों से इनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने महंगाई, भ्रष्टाचार और सरकारी नीतियों की भी आलोचना की।

**स्टेशन के काउंटर में टिकटों की बुकिंग हो गई प्रारम्भ**

# जगदलपुर से जगन्नाथपुरी के मध्य दौड़ेगी पुरी स्पेशल रथयात्रा ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




■ दो फेरे लगाएगी पूरी स्पेशल, पहला फेरा 26 को दूसरा 4 जुलाई को जगदलपुर से पुरी दौड़ेगी

भगवान जगन्नाथ के धाम पुरी ओडिशा में महापर्व रथयात्रा गोंचा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे इस वर्ष भी देश के कई हिस्सों में रथयात्रा के नाम से स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। बस्तरवासियों को भी यह सुविधा मिली है।

वाल्टेयर रेलमंडल ने रथयात्रा स्पेशल के संचालन की समयसारिणी जारी कर दी है। जगदलपुर और पुरी के बीच रथयात्रा स्पेशल ट्रेन दो फेरे लगाएगी। जगदलपुर से पहला फेरा 26 जून को और दूसरा फेरा 4 जुलाई को लगाएगी। जबकि पुरी से जगदलपुर पहला फेरा 28 जून को और दूसरा 6 जुलाई को लगाएगी।

जगदलपुर से पहली गाड़ी 26 जून को पुरी के लिए रवाना होगी। वापसी में 28 जून को पुरी से जगदलपुर के लिए रवाना होगी। इसी तरह दूसरे फेरे में रथयात्रा स्पेशल की समय सारिणी जगदलपुर-पुरी (गाड़ी संख्या-08445) 26 जून और चार जुलाई को सुबह 9 बजे जगदलपुर से रवाना होकर कोरापुट, रायगढ़ा, विजयनगरम,नुआवाड़ा,अरुगुल, साक्षी गोपाल होकर रात एक बजे पुरी पहुंचेगी। पुरी-जगदलपुर (गाड़ी संख्या-08446) 28 जून और छह जुलाई को पुरी से रात 12.45 बजे रवाना होकर निर्धारत मार्ग से शाम 4.45 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। गाड़ी जगदलपुर से चार जुलाई को रवाना होगी और छह जुलाई को पुरी से जगदलपुर के लिए वापसी होगी। विदित हो कि बस्तर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होने पुरी जाते हैं। वर्तमान में यहां से भुवनेश्वर के लिए केवल एक गाड़ी हीराखंड एक्सप्रेस संचालित है।

### उत्कल समाज ने किया स्वागत

रथयात्रा स्पेशल चलाने की घोषणा का उत्कल समाज ने स्वागत किया है। समाज के अध्यक्ष राजेश दास का कहना है कि रथयात्रा के दौरान ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है। पूरी रथयात्रा में सम्मलित तीर्थयात्रियों को रविवार से टिकटों का आरक्षण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा स्पेशल ट्रेन के संचालन से भीड़ से बचा जा सकेगा।

# योग केवल कसरत नहीं जीवनशैली का हिस्सा है




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि योग केवल शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के समन्वय का पहचान बन चुका है। श्री टेकाम ने योग के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याएं सामने आ रही हैं। योग ऐसी विधा है जो दवाओं पर निर्भरता कम करके व्यक्ति को भीतर से स्वस्थ बनाती है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों ने योग और ध्यान की शक्ति को और गहराई से समझा है। योग न तो जाति-धर्म देखता है, न ही उम्र। यह सबके लिए है छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक।

## खबर संक्षेप

### अंदरूनी क्षेत्रों में योग क्रिया संपन्न



**भानपुरी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोरगांव में विश्व योग दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने योग किया। जिसमें गांव के करीब 80 लोग शामिल होकर प्राणयाम, सूर्यनमस्कार आदि क्रिया का लाभ लिया। सर्वप्रथम भगवान धन्वन्तरी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. टीएस बढ़ई व ग्राम सरपंच शशी भारती के द्वारा किया गया। सरपंच ने सभी को प्रतिदिन योग क्रिया कर उसका लाभ अपने स्वस्थ जीवन में लेने की बात कही।

### कार्यालयों में किया श्रमदान



बीजापुर। बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह के निर्देशानुसार बस्तर संभाग के सभी जिलों में स्वच्छता अभियान के तहत तृतीय शनिवार को अपने-अपने कार्यालयों में साफ-सफाई हेतु श्रमदान करने के निर्देश के परिपालन में बीजापुर जिला एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में 21 जून को माह के तीसरे शनिवार के दिन समस्त कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर साफ-सफाई हेतु श्रमदान किए वहीं पंजियों एवं फाईलों के समुचित रख-रखाव किया गया।

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग का आयोजन



**सुकमा।** योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यपकों, स्वंयसेवकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, भुजंगासन, वीरभद्रासन, अनुलोम-विलोम आसनों का योग के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। प्रो. डी सुरेश वाबु प्राचार्य ने कहा कि हमें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सही रखने के लिये प्रतिदिन योगासन करना चाहिये। प्रो. शशिकान्त ध्रुवे कार्यकम अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि योग से हमें संयम, एकाग्रता, ध्यान की प्राप्ति होती है, जो एक विद्यार्थी जीवन के विकास के लिये अतिआवश्यक है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीआरपीएफ में योगाभ्यास

# मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

सीआरपीएफ 50वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा अपने इंजराम कैंप में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में बटालियन के सभी रैंक के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने सक्रिय भागीदारी की।

इस समारोह का नेतृत्व 50 बीएन सीआरपीएफ के कमांडेंट

■ 50वीं वाहिनी 219वीं बल ने इंजरम मुख्यालय में किया योगाभ्यास

प्रेमजीत कुमार, दुर्गा राम द्वितीय कमान अधिकारी, नीरज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, बिनोद कुमार टोप्पो मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नितेश कुमार चिकित्सा अधिकारी एवं अनिल ठाकुर सहा. कमा. ने किया।

उनके मार्गदर्शन में सुबह के समय सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया । जिसमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए दैनिक जीवन में योग के महत्व



पर जोर दिया गया। खासकर बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण परिचालन क्षेत्रों में तैनात कर्मियों के लिए। प्रतिभागियों ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम को बढ़ावा देते हुए पूरे समर्पण और समन्वय के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास किए। कमांडेंट प्रेमजीत कुमार ने सभा को संबोधित किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे योग सहनशक्ति को बढ़ाता है तनाव को दूर करता है और समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाता है खासकर फील्ड स्थितियों में।

इस कार्यक्रम ने न केवल सीआरपीएफ की शारीरिक और मानसिक फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की बल्कि जवानों को योगाभ्यास अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### 219वीं मुख्यालय में भी उत्साह से हुआ योग

219वीं बटालियन मुख्यालय इंजराम तथा सभी कम्पनियों में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यकम में पार्थ सारथी घोष कमाण्डेन्ट अभय कुमार श्रीवास्तव उप कमाण्डेन्ट कानाराम चौधरी सहायक कमाण्डेन्ट डॉक्टर लोकेश करोल चिकित्सा अधिकारी के साथ कैम्प में उपस्थित अधीनस्थ अधिकारिगण तथा जवानों ने मिलकर योगाभ्यास किया। इस परिप्रेक्ष्य में कमाण्डेंट द्वारा कहा गया कि इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग थीम के तहत समग्र विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होने योग के महत्व के विषय पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि योग आधुनिक जीवन शैली की कई समस्याओं से निजात पाने में हमारी मद्द करता है तथा विपरीत परिस्थितियों में हमे आगे बढ़ने में आत्मबल प्रदान करता है। नियमित योग करने से व्यक्ति में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। योग शारीरिक तौर पर मजबूत करने के साथ-साथ हमें आन्तरिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाता है। इसकी साधना वस्तुतः शरीर, मन और आत्मा को शुध्द करने की एक प्रक्रिया है। स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने के लिए योग महत्वपूर्ण एवं अमूल्य विधा है। योग सामान्य स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बढ़ाने में सकारात्मक प्रभाव डालता है तया योग के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक प्रभाव को देखते हुए सभी जवानों से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया ।

# योग दिवस जोश एवं उल्लास के साथ सेडवा में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा 21 जून को 11वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए की थीम को समेटे जोश एवं उल्लास के साथ सेडवा में मनाया गया।

इस अवसर पर हरविन्दर सिंह, कमाण्डेन्ट-241 बटालियन द्वारा अपने संबोधन में योग के संबंध में संबोधित किया गया कि 11 दिसम्बर 2014 को यूनाईटेड नेशन जनरल एसेम्बली द्वारा 21 जून को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव पारित किया गया था और पहली बार 21 जून 2015 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। 21 जून इसलिए चुना गया क्योंकि यह उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लम्बा दिन होता है और इसे आध्यातिम दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। योग हमे न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है बल्कि मानसिक रूप से भी स्थिर करता है। यह चिन्ता, थकान और बिमारियों को दूर करने में मदद करता है। आज की जीवनशैली मे हम भागदौड़, तनाव और बुरी आदतों की वजह से अस्वस्थ हो रहे हैं। योग केरिपु बल के जवानों के तनाव, थकान एवं बिमारियों से मुक्ति दिलाने तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। योग एक ऐसी प्राचीन भारतीय विद्या है जो हमें प्राकृतिक और स्वस्थ जीवन जीने की राह दिखाती है।

इस सफल आयोजित योग कार्यक्रम में संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेन्ट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट, डा. बृजेश कुमार, चिकित्साधिकारी एवं सिमरन बाला, सहायक कमाण्डेन्ट के अलावा 241 बटालियन के सभी अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान, महिलाएं एवं बच्चे इस अविस्मरणीय पल के साक्षी बने।

# नागरिकों के लिए सांस्कृतिक भवन में योग दिवस के कार्यक्रम हुए



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बारसूर द्वारा सर्व नागरिकों के लिए सांस्कृतिक भवन बारसूर मे योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम प्रातः 7 बजे प्रारम्भ किया गया जिसमे योग प्राणायाम करवाया गया। जिसमे नगर पंचायत के समस्त जन प्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधारोपण



राज्य शासन के आदेशानुसार प्रत्येक नगर निकायों मे वृक्षारोपण को बढ़ावा देने व पर्यावरण के प्रति जागरूक होने के उदेश्य से एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम, अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रारम्भ किया गया। जिसके परिपालन मे नगर पंचायत बारसूर द्वारा नगर के प्राथमिक शाला टेमरू भाटा वार्ड क्रमांक 07 बारसूर मे एक पेड़ माँ के नाम थीम अंतर्गत पौधा रोपण का कार्य स्कूली छात्र-छात्राओं, स्कुल प्रबंधन, नगर पंचायत कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति में किया गया।

# नियमित रूप से योग करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

शाउमा विद्यालय छिंदबहार दरभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इस अवसर पर प्राचार्य बुधराम कश्यप द्वारा उपस्थित बच्चों एवं अन्य सभी लोगों को रोज नियमित रूप से योग करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि हमारा शरीर ही सबसे बड़ा धन और सबसे बड़ी पूंजी है।

यदि हमारा शरीर स्वस्थ है तब तो हम पढ़ाई,लिखाई तथा अन्य कोई भी काम बड़ी आसानी से कर लेते हैं लेकिन अस्वस्थ की स्थिति में नहीं कर सकते। आगे उन्होंने कहा कि शरीर स्वस्थ नहीं है तो सब बेकार है। अपने शरीर को स्वस्थ रहने के लिए हर संभव खुद को ही ध्यान देना होता है। इसलिए सभी लोगों को योग को आदत में डाल लेनी चाहिए। व्याख्याता डॉ अखिलेश त्रिपाठी द्वारा योग के बारे में कई उदाहरण देकर योग करने के लिए बच्चों एवं अन्य लोगों में समझ विकसित किया गया।



व्याख्याता तुलादास मानिकपुरी द्वारा योग के कई महत्वपूर्ण आसनों को कराते हुए प्राचीन काल से लेकर आज वर्तमान में योग के महत्व को समझाते हुए योग करने को प्रेरित किया गया। व्याख्याता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी द्वारा अनुलोम विलोम तथा अन्य योग के आसनों को कराया गया और प्रत्येक आसन के महत्व को बताया एवं समझाया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता झिरूराम मौर्य, दीनबंधु नाग, लुदरसन कश्यप, दीपक कुमार घोष, उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, सुबोध शुक्ला, व्यायाम शिक्षक नोहर सिंह सलाम, हेमंत मांझी, जगन्नाथ समरथ, लच्छिन मौर्य और छात्र छात्राएं तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# झोपड़ी में संचालित स्कूली बच्चों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

प्रति वर्ष के भांति 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास नगर में संचालित पीएमश्री आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के सामुदायिक भवन में रखा गया । इस अवसर पर योग गुरू सेवानिवृत

■ 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह व अनुशासन से मना

शिक्षक सीएच राजशेखर ने ब्लॉक मुख्यालय के प्रमुख अधिकारियों एवमं जनप्रतिनिधि शिक्षक शिक्षिकाओं स्कूली बच्चों को योगाभ्यास कराया। तकरीबन एक घंटे तक चले इस योगाभ्यास में योग गुरू ने अनेक आसन कराए और इसके फायदे बताए। गौरतलब है कि वर्ष 2025 के इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



थीम एक पुथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रहा । जो कि इस विषय को जोर देता है। व्यक्तिगत कल्याण और ग्रह स्वास्थ्य अविभाज्य रूप से जुड़े हुए हों। इस अवसर पर कोंटा विकासखंड के सभी हायर सेकेंडरी शैक्षणिक संस्थाओं के साथ प्राथमिक स्तर तक शैक्षणिक संस्थाओं में भी छात्र छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया । जिसमें संस्थागत बच्चे उत्साह से जुड़े और योग के मायने को अपने गुरूजनों से सुना । इस अवसर पर अधिकारियों शिक्षक शिक्षिकाएं एवमं जनप्रतिनिधिओं ने सामूहिक रूप से एक पेड़ माँ के नाम लगाए । इस अवसर पर खास तौर से जनपद पंचायत कोंटा के सीईओ नारद कुमार मांझी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष साई रेड्डी, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास राव, योग प्रशिक्षक डॉ. पुरोहित, वरिष्ठ शिक्षक कट्टम सीताराम टी.वासू ,वार्ड पार्षद पी. विजय नायडू ,सेवानिवृत शिक्षक बी. रामराजू ,वरिष्ठ नागरिक एम. राजबाबू विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ शिक्षकगण व आमजन रहे ।

कोंटा विकासखंड के वनांचल



क्षेत्रों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह देगा गया। इस खास अवसर संदेश को लेकर भेज्जी के संकुल केन्द्र अंतर्गत आने वाले मोसलमड़गू के शासकीय प्राथमिक शाला जो कि झोपड़ी में संचालित है। यहां सहायक शिक्षिका गायत्री तवर ने प्राथमिक स्तर के छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करा कर इसके लाभ बताए।

# 150 बच्चियों ने अपने मां संग किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा/गीदम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गीदम ब्लॉक के कारली स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्कूली बच्चों और उनकी माताओं ने मिलकर आम, जामुन, नारियल, नींबू जैसे विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया।

इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि प्रत्येक पौधे के समक्ष लगे तख्तियों में बच्चों के नाम के साथ-साथ उनकी मांओं के नाम भी अंकित किए गए थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला



पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी ने पौधे रोपित किए। विधायक चैतराम अटामी ने बच्चों को कहा कि "पौधे लगाना सिर्फ एक शुरुआत है। असली जिम्मेदारी उसकी देखभाल करना है। जैसे हम अपने किसी साथी या दोस्त की चिंता करते हैं, वैसे ही इन पौधों का भी ख्याल रखना चाहिए। यह कार्य सिर्फ एक दिन का नहीं, बल्कि हर दिन का है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत का बच्चों के नाम प्रेरणादायक संदेश कहा जिस तरह आपकी माँ हर दिन आपकी देखभाल करती हैं, उसी तरह अब यह पौधा आपकी जिम्मेदारी है। एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ एक प्रतीक नहीं, एक भावना है। जब भी आप स्कूल आएं, सबसे पहले अपने लगाए गए पौधे को देखिए, उसे पानी दीजिए। यह पेड़ अब आपका है, आपके नाम से, आपकी माँ के नाम से। इसके साथ ही न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि बच्चों में जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और प्रकृति से जुड़ाव की भावना भी विकसित करती है।

इस दौरान कक्षा सातवीं की दो बच्चियां इन्दु और विद्या ने भी अपनी माताओं के साथ पौधे लगाया और उनका कहना था कि वे हर दिन स्कूल आने के पश्चात अपने पौधे को विशेष रूप से ध्यान रखेंगी। क्योंकि पौधे को मैंने अपने मां के साथ लगाया है और जिस प्रकार मां हमारी देखभाल करती है उसी प्रकार हम भी इस पौधे का देखरेख करेंगी।

# योग दिवस पर स्वस्थ और मानसिक शांति का दिया संदेश, शामिल हुए जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के सद्भावना भवन में जनपद पंचायत व नगर पंचायत बस्तर के तत्वाधान में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर सामूहिक योग अभ्यास किया गया। योग के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में योग के विविध आसनों प्राणायाम व ध्यान के माध्यम से स्वस्थ और मानसिक शांति का संदेश दिया गया। योग प्रशिक्षक संजय मिश्रा के द्वारा उपस्थित लोगों ने विभिन्न योग क्रियाओ को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों कर्मचारी व स्कूली बच्चों के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे,पार्षद समीर मिश्रा, बंसी कश्यप,वीर सिंह मौर्य,



फतेसिँह परिहार, डॉ. वीएस राजपूत, नरेंद्र जोशी, उदबो राम नाग, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, नायब तहसीलदार लखीराम पांडे, सीएमओ तरुणपाल लहरे, बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी बीएल सिरोजिया, बीपीएम अमित कुजूर सहित, उप अभीयंता रोहित नाग, चंद्रभान मिश्रा, सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### योग दिवस पर किया पौधरोपण



**किरंदुल।** शनिवार को योग दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। इस दौरान धरती पर हरियाली बढ़ाने को लेकर संकल्प लिया गया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए मां का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसलिए धरती पर हरियाली बढ़ाने की दृष्टिकोण से वृहद स्तर पर वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसे बचाने का संकल्प लिया है। जनता से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि धरती भी मां का स्वरूप है। इसलिए पेड़ पौधे रहने से वायुमंडल का संतुलन बना रहता है। इसलिए सभी से अपील है कि वह अपने घरों तथा आसपास की खाली जमीन पर इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उसकी देखभाल बेहतर ढंग से करे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी , पार्षदगण, महामंत्री विक्रम नाहक , मोहित धवन, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नजमुल हक , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, शालिनी कर्मा , सदानंद साहू जी, सरस्वती डहरिया , बनमाली हरिजन, ज्योत्सना स्वाइन, राजेश्वरी बेहरा जी, एम. सिंधु जी, सुखदेव पोयम अन्य उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ ने योग शिविर का किया आयोजन



**सुकमा।** विजय शंकर कमांडेन्ट के नेतृत्व में एवं सूरज पाल वर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक के मार्गदर्शन मे 21 जून को 11 वीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 217 बटा0 सी.आर.पी.एफ. वाहिनी मुख्यालय परिसर कोन्टा में बृहत योग शिविर का आयोजन किया गया । इसके साथ ही वाहिनी की दूरस्थ कम्पनियों में भी इसका बडे पैमाने पर आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ साथ रेन्ज मुख्यालय कोन्टा व वाहिनी के अधिकारी और जवानों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा योगाभ्यास एवं प्राणायम किया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने योगाभ्यास में उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं जवानों को इसके महत्व एवं आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंनें इस बात पर जोर दिया कि योग केवल अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में ही न किया जाए, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवन शैली में शामिल किया जाए जिससे दैनिक जीवन में शांति, आत्मविश्वास और साहस को बढ़ावा मिलेगा साथ ही साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता बनाये रखने में योग मददगार साबित होगा। विदित हो कि पहला अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था तब से हर साल 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस 11वीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अरविन्द पी आनंद, (द्वितीय कमान अधिकारी ), विरेन्द्र कुमार, (द्वितीय कमान अधिकारी ), तथा श्री डी. राजा इलमपरीति (सहा. कमांडेन्ट) के साथ-साथ वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### योग दिवस पर शिविर में जीवन रक्षक आयुष काढ़ा का हुआ वितरण



भानपुरी। संचानालाय आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू के निर्देशानुसार पांच दिवसीय योग प्राणायाम शिविर का आयोजन आयुषमान आरोग्य मंदिर कुंगारपाल के तत्वावधान में उच्च प्राथमिक शाला कुंगारपाल के प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर का समापन ग्राम पंचायत के उपसरपंच लेबोराम कश्यप के द्वारा भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में ग्रामवासी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं का भागीदारी रहा। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक अनीता साहू के द्वारा योग प्राणायाम करवा कर उससे होने वाले लाभ के फायदे समझाया। शिविर में शम्बूनाथ नाग, राजूराम नाग, अन्य टीचर एवं सभी स्टाफ का सहयोग रहा। पांच दिवस में कुल 372 प्रतिभागियों को योग प्राणायाम करवाया गया। शिविर में डॉ. सौम्य रंजन पटनायक के द्वारा खान पान एवं दिनचर्या व ऋतुचर्या के बारे जानकारी प्रदान किया गया, शिविर में जीवन रक्षक आयुष काढ़ा का वितरण किया गया अंत में अंकुरित मुंग चना का वितरण किया गया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)


प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## खबर संक्षेप

### माशा मंगहूर में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**दुर्गूकोंदल।** माध्यमिक शाला मंगहूर के शाला प्रांगण में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों व पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में योगा कराया गया। योग शिक्षक अरुण साहू के द्वारा आसन योग एवं प्राणायाम को कराते हुए योग के आठ अंग को बताया गया, जिन्हें अष्टांग योग कहा जाता है। यह अंग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। संकुल प्राचार्य संतोष राठौर एवं संकुल समन्वयक सुरतु राम जाड़े के द्वारा योग को प्रतिदिन अपने जीवन मे जोड़ने और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करने बताया गया।

### जहर खाए ग्रामीण की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर।** थानांतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 59 वर्षीय नवल राम मातलाम का 21 जून को मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### बुजुर्ग की इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग किया कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 75 वर्षीय रामसिंह सलाम को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। बोगर निवासी वासुदेव सलाम ने पुलिस को बताया कि 21 जून को अज्ञात वाहन चालक ने मृतक को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### दरभा ब्लॉक में चेतना चाइल्ड संस्था ने कराया योगाभ्यास

**दरभा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दरभा ब्लॉक अंतर्गत ककालगूर पंचायत में चेतना चाइल्ड संस्था द्वारा एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं, पोषक माताएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं मितानिन दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की फील्ड कोऑर्डिनेटर हेमबती कश्यप द्वारा किया गया।

**योग**

**योगाभ्यास सेहत के लिए लाभकारी**

# विश्व योग दिवस पर भानुप्रतापपुर में जगह जगह सामूहिक योगाभ्यास में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

नगर में विश्व योग दिवस पर हाई स्कूल ग्राउंड में सामूहिक रूप से योग किया गया और नगर की जनता ने भाग लिया। योग को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। तहसील योग समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू की टीम के द्वारा योग कराया गया।

मौके पर उपस्थित देवेंद्र टेकाम ने कहा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोंच है कि हर व्यक्ति स्वस्थ रहेंगे तभी आगे बढ़ेंगे, स्वस्थ के बिना धन संपत्ति कोई काम का नहीं है। सभी नगर वासी आप सभी घर मुहल्ले में परिवार के साथ योग नियमित करेंगे, ऐसा संकल्प ले। आयुर्वेद चिकित्सा विभाग के द्वारा योग में शामिल लोगों को काढ़ा पिलाया गया। प्रधानमंत्री ने एक सपना देखा 2047 योजनाओं के साथ। सबसे पहले व्यक्ति स्वस्थ रहे तो समृद्ध बन पाएगा। आप स्वस्थ रहेंगे तो देश, प्रदेश स्वस्थ रहेगा। योग ही ऐसा माध्यम विश्व को स्वस्थ होगा। संकल्प ले स्वस्थ, पर्यावरण, शांति, शिक्षा का सांकल ले 2047 तक पूर्ण विकसित बनेगा। एसडीएम ने कहा प्रधानमंत्री का मंशा है योग को नियमित रखे तभी हम आगे बढ़े योग से जुड़े और स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन से ही स्वस्थ देश बनेगा। सभी अतिथियों को निर्गुणी पौधे का वितरण किया और इसके लाभ बताए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, राजा पांडेय, अनंत गोपाल कोठारी, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, बीईओ सदे सिंह कोमरे, राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, शंकर गांधी, राजेष पांडे, इंदरकुमार पटेल, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहें।



### महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेवानिवृत क्रीड़ा अधिकारी सीपी ठाकुर ने कहा योग के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बनाए रखता है। क्रीड़ा अधिकारी चेतन श्रीवास द्वारा विभिन्न योगासनों जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम और ध्यान, सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने योग के सही तरीकों और लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पीएमश्री स्कूल संजयपारा में भी बच्चों को योगा कराया गया। वन मंडल पश्चिम भानुप्रतापपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों ने एक साथ हरित योग किया।

### केंवटी में 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने योग दिवस मनाया

33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में प्रियव्रत शर्मा कमांडेन्ट 33 वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में वृहद स्तर पर विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के सामान्य योग शिष्टाचार के अंतर्गत योग कार्यक्रमों को आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी मुख्यालय केवटी तथा सीमा चौकियों क्रमशः ब्लाक-ए, जालटॉप, तालाबेड़ा, बबेड़ा एवं कोसरोण्डा मे तैनात सभी अधिकारियों तथा कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 540 प्रतिभागिको प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया।

### वनमंडल कार्यालय एवं वन परिक्षेत्र कार्यालयों में किया गया योग

पश्चिम वनमण्डल भानुप्रतापपुर के कार्यालयीन प्रांगण तथा अधिनस्थ वन परिक्षेत्रों में योग किया गया। वनमण्डल कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने सुबह 7 बजे योग किया। वनमण्डलाधिकारी हेमचंद पहारे के कुशल निर्देशन में सुरेश कुमार पिपरे सहायक वन संरक्षक उप प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित पश्चिम भानुप्रतापपुर एवं वनमण्डल कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कर्मचारियों द्वारा पदमासन वज्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन एवं शवासन का योग क्रिया किया गया। योग उप प्रबंध संचालक द्वारा कार्यालयीन कर्मचारियों को बताया गया कि आपका कार्य टेबल वर्क है। आपको योग की क्रिया नित्य प्रति बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विशेष कर महिला कर्मचारियों को गुलदस्ता भेंट किया गया।



### मेडो में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग अभ्यास



**दुर्गुकोंदल।** 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर शासकीय उच्चतर माध्यमिक मेडो में आयोजित योग कार्यक्रम में भारत माता की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर योग अभ्यास व्यायाम शिक्षक भागीरथी बोगा के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा योग एक प्राचीन भारतीय जीवनशैली है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक जागरूकता का सशक्त माध्यम है। नियमित योग अभ्यास से तन-मन स्वस्थ रहता है, तनाव कम होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज योग वैश्विक मंच पर भी भारत की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित है। ग्राम पंचायत मेडो सरपंच ने पर्यावरण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया और नियमित योग अभ्यास करने का आग्रह किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक ऊषा तारम, जगन प्रसाद नरेटी, मेघनाथ कांगे, तृप्ति गजभिए, मधुलता चंद्राकर, अनिल साहू, सुरेश नाग, मेर सिंह कोमरा, संत लाल माहला, नंदू राम दुग्गा, गिरजा शंकर सिन्हा, आकाश यदु, सावित्री मंडल, सरस्वती कोमरा, राजमाला देवनाथ, अनिल उईके, रमेश दुग्गा उपस्थित रहे।

## कलार समाज की बैठक हुई आयोजित नियमावली संशोधन की दी जानकारी

**बासनवाही।** कलार समाज सरोना ब्लॉक अंतर्गत समाज द्वारा 22 जून रविवार को अलग स्थान मांण्डाभर्री एवं सरोना में बैठक आयोजित की गई। जिसमें संसोधित नियमावली की जानकारी दिया गया।

विकासखंड नरहरपुर के तहसील सरोना के अंतगत ग्राम मांण्डाभर्री सामाजिक भवन के बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पांडे के नेतृत्व में समाजिक नियमावली के संसोधन की जानकारी दिया गया। बताया गया कि अब हमारे कलार समाज के शादी में कपडे का लेनदेन एवं मृत्यु उपरान्त कफन के बजाय आर्थिक सहयोग परिवार को देने की जानकारी अवगत कराया गया।



इसके अलावा सरोना के समाजिक भवन में सरोना ब्लॉक के युवा साथियों का आवश्यक बैठक रखा गया। इस दौरान ब्लॉक के सभी गांव में युवाओं को जागृत करने प्रत्येक गांव में युवा संगठन बनाने पर चर्चा किया गया। यह बैठक सरोना युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष शैलेश बघेल के नेतृत्व में आहूत किया गया। इस दौरान संगठन को लेकर विभिन्न विषयों पर गहन विचार मंथन किया गया, जिसमें उपस्थिति युवा एवं महिला संगठन की बहनों ने संगठन के विस्तार पर समर्थन दिया।

## सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर के मुद्दे उठाए, सरकार से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बस्तर क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए सर्व आदिवासी समाज के

- बिना ग्रीन कार्ड वाले बांग्लादेशी क्षेत्र में अवैध गतिविधियां कर रहे : उसेंडी

जिलाध्यक्ष कन्हैया उसेंडी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सरकार को हमारे मुद्दों पर गंभीरता से समिति बनाकर जाँच करके कार्रवाई करना चाहिए।



सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स सिर्फ रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान तक सीमित है। उन्होंने बताया कि बिना ग्रीन कार्ड वाले बांग्लादेशी लोग क्षेत्र में अवैध गतिविधियां कर रहे हैं। यह लोग जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। जंगलों को नष्ट कर रहे हैं। आदिवासी लड़कियों से धोखे से विवाह कर उनके अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं। समाज ने मांग किया है कि मुसाफिरी लिखवाने की प्रक्रिया को कड़ा किया जाए। शिक्षा के मुद्दे पर जिला प्रवक्ता तामेश्वर नाग ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की संख्या कम करने से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। एक शिक्षक और एक हेडमास्टर से अन्य प्रशासनिक कार्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाई करवाना आवश्यक है। नाग ने कहा कि अन्य जिलों से आने वाले शिक्षकों को हल्बी-गोंडी जैसी स्थानीय भाषाओं का ज्ञान नहीं है। इसलिए स्थानीय भाषा जानने वाले अधिक शिक्षकों की नियुक्ति जरूरी है। पारधी समाज के लोगों को आज तक जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है, जिसकी वजह से उनके बच्चों की आठवीं कक्षा के बाद की पढ़ाई रुक जाती है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी जाति प्रमाण पत्र जरूरी होता है, जो उन्हें अब तक नहीं मिल सका है।

हाल ही में आदिम जाति विकास विभाग ने एक पत्र जारी कर कहा कि पारधी समाज की जाति से जुड़ी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा सके हैं। लेकिन यह एक गंभीर चिंता का विषय है कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी इस समुदाय की पहचान और अधिकार तय नहीं हो सके हैं। पारधी समाज की जाति प्रमाण पत्र संबंधी समस्या का जल्द समाधान किया जाए। इसके साथ ही, छात्रावासों और आश्रमों में बालिकाओं के साथ हो रही घटनाओं को लेकर प्रशासन को गंभीर होने की आवश्यकता बताई गई है। यह भी कहा गया कि ऐसी कार्य योजना बने जिससे बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सर्व आदिवासी समाज ने पेशा कानून को लेकर समाज ने कहा कि इसका सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इसमें प्रस्तावित संशोधनों को प्राथमिकता दी जाए। कानून की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन के लिए सरकारी तंत्र में बेहतर समन्वय की आवश्यकता है। बस्तर क्षेत्र में खदानों के निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि यह जनहित के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि खनन कार्य केवल सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से किया जाए, जिससे विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो सके। समाज ने यह भी कहा कि निजी कंपनियों के हाथों में खनन कार्य देना क्षेत्रीय जनता की सुरक्षा और अधिकारों को नुकसान पहुंचा सकता है।

### ये रहे उपस्थित

प्रेस वार्ता में सर्व आदिवासी समाज के उपाध्यक्ष डीआर ध्रुव, हल्बा समाज के जिलाध्यक्ष प्रकाश दीवान, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद शोरी, पारधी समाज के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह शोरी, ध्रुव गोंड समाज प्रमुख रत्तू राम नेताम समेत अनेक समाजजन उपस्थित रहे।



## मिनपा सहित अनेक संवेदनशील क्षेत्र में गूंजे योग आसन के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर द्वितीय वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा मुख्यालय सुकमा के साथ दुलेर, मुकराज कोंडा मिनपा एवं रामाराम कैंप में योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व कमांडेंट रतिकांत बेहरा ने किया। इस अवसर पर कमांडेंट कमलेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी विवेक सक्सेना अन्य अधिकारी गण के साथ स्थानीय नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चे भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योग अभ्यास में भाग लेकर योग के महत्व को समझा और इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोण्डे स्कूल में कार्यक्रम

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डे में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों तथा स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत लेखराम टांडिया ने योग के महत्व को बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। तत्पश्चात प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रार्थना, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने योग पर भाषण, पोस्टर निर्माण तथा योग प्रदर्शनी में भी भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए और योग को जीवनशैली में शामिल करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित राधेलाल समर्थ, हेमेश्वरी ठाकुर, यशोदा केशरिया, सदाराम कोरेटी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपसथ्ति रहे।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय छात्रावास की तीन छात्राएं सेट परीक्षा उत्तीर्ण

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के यूटीडी में अध्ययनरत तीन छात्राओं ने छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा(सेट 2024) उत्तीर्ण करने में सफलता पाई हैं। वाणिज्य विषय में सेट उत्तीर्ण हेमा विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में सेट परीक्षा की तैयारी के लिए सही मार्गदर्शन मिला। साथ ही इसके लिए वे ऑनलाइन तैयारी भी की। कामर्स विषय में ही सेट उत्तीर्ण प्रीति पटेल ने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी में विश्वविद्यालय लाइब्रेरी का बहुत सहयोग मिला।

### साहित्य एवं कला समाज अब घर-घर करेगा काव्यगोष्ठी

**जगदलपुर।** साहित्य एवं कला समाज द्वारा घर-घर काव्यगोष्ठी की आज शुरूआत की गयी। इस कार्यक्रम की शुरूआत का प्रथम कार्यक्रम सनत जैन के घर पर हुआ। सीमित कवियों द्वारा भरपूर काव्यपाठ किया गया। सर्वप्रथम डॉ प्रकाश पैमाना ने अपनी गजलों के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। व्यक्ति की स्वभावगत खामियों पर प्रहार करते हुये कहा-तुमको मुझसे नहीं है जब मतलबमेरे मसलों में झाँक क्यूँ रहे हो चलना ही जब है हमको तो फिर तुमदूरी कितनी है नाप क्यूँ रहे हो लोक कवि लोकरंगमंच कलाकार नरेन्द्र पाढ़ी ने हलबी भतरी कविताओं क साथ उसका हिन्दी अनुवाद भी सुनाया। काती' कविता के माध्यम से बड़ी गहरी बात कही। आजकल के मुर्गे भी इंसान की फितरत समझ गये हैं इसलिये वे मुर्गा लड़ाई में अपने पैर में बंधी 'काती' यानी छुरी से अपने साथी मुर्गे पर वार नहीं करते बल्कि एक दूसरे से लड़ने का नाटक करते हैं। इसके बाद जापानी विधा हाइकू में रचित काव्य का पाठ किया। देखा चेहरा लहरों ने बनाया वीभत्स रूप। देह ढकने बुनता हूँ कपड़ा खुला बदन।

### कन्या, बालक प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय भोपालपटनम में शाला प्रवेश उत्सव मना

**भोपालपटनम।** शिक्षा सत्र 2025/26 प्रारंभ होते ही छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक में सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में नव प्रवेश छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाने हेतु प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अतिसंवेदनशील क्षेत्र में भी हो रहा पक्के आवास का सपना सच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले के सुदूरवर्ती संवेदनशील क्षेत्रों में भी अब सकारात्मक बदलाव दिखने लगा है। अंदरूनी गांवों में भी ग्रामीणों के पक्के आवास का सपना सच होता दिख रहा है। विकासखंड कोयलिबेड़ा की अतिसंवेदनशील पंचायत कंदाड़ी और सितरम में भी ग्रामीणों को पक्के आवास का लाभ मिलने लगा है। कोयलिबेड़ा ब्लॉक की सीमा में कोटरी नदी में बारिश का पानी आने से ये गांव पूरी तरह से मुख्य धारा से कट जाते हैं। ऐसे में इन ग्रामों में परिवहन की सुविधा मुहैया नहीं हो पाती। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि कोयलिबेड़ा ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 244 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हुआ है, जिनमें 226 हितग्रहियों को प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है।



निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने के लिए समय-समय पर हितग्राहियों से मिलकर उनका उन्मुखीकरण करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया गया है। इन आवासों में से कुल 43 आवासों में प्लिंथ स्तर तक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 40 आवासों में खिड़की स्तर तक का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। 13 आवासों में दीवार दरवाजा स्तर तक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 7 आवासों में दीवार कार्य पूर्ण किया जा चुका एवं इन आवासों में छत ढलाई की तैयारी की जा रही है, 9 आवास ऐसे हैं जिनकी छत पूर्ण हो चुकी है। दो आवासों में प्लास्टर का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही इन आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कोटरी नदी होने के कारण बारिश में ऐसे क्षेत्र में आवाजाही बिल्कुल बंद हो जाती है। बारिश में आवास निर्माण कार्य में कोई रुकावट न हो, इस आशय से योजना बनाकर हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कर सभी को नदी में बारिश के पानी के कारण के रास्ता बंद हो जाने के पूर्व आवश्यक निर्माण सामग्री को एकत्र करने के लिए प्रेरित करते हुए निर्माण सामग्री एकत्र करने में सहयोग किया गया जिससे 74 ऐसे आवास जिनमे केवल नीव कार्य पूर्ण हुआ था उनमे से 70 आवास में निर्माण सामग्री एकत्र कर लिया गया है। साथ ही ऐसे क्षेत्र में राज मिस्त्रियों की कमी को देखते हुए आवास टोली के निर्माण के लिए इच्छुक युवाओं को जो राज मिस्त्री का कार्य सीखना चाहते हैं, उसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आवास टोली का निर्माण कर मिस्त्री ट्रेनिंग देते हुए आवास पूर्ण करने के साथ-साथ नए मिस्त्री कि संख्या में वृद्धि किया जा सके, जिससे ऐसे दूरस्थ पंचायतों में भी हितग्राहियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ समय सीमा में प्राप्त हो सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मॉं मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411